संपादकीय

# नेपाल के गायब बच्चे

नेपाल में मजदूरी कराने और यौन शोषण के लिए बड़ी संख्या में बच्चों की तस्करी की जा रही है। नेपाल की सरकारी बाल सुरक्षा एजेंसी- राष्ट्रीय बाल अधिकार परिषद के मुताबिक देश में औसतन हर दिन छह बच्चे लापता होते हैं।

नेपाल की यह खबर दिल को हिला देने वाली है। भारत के लिए भी यह खबर महत्त्वपूर्ण है। नेपाल हमारा पड़ोसी है और अगर वहां बच्चों को गायब करने वाला कोई बड़ा गिरोह सक्रिय हो, तो उसके प्रभाव से वे भारतीय इलाके नहीं पूरी तरह महफूज नहीं रह सकते, जिनकी सरहदें नेपाल से मिलती हैं। नेपाल में हाल यह है कि मजदूरी कराने और यौन शोषण के लिए बड़ी संख्या में बच्चों की तस्करी की जा रही है। नेपाल की सरकारी बाल सुरक्षा एजेंसी- राष्ट्रीय बाल अधिकार परिषद (एनआरसीआर) के मुताबिक नेपाल में औसतन हर दिन छह बच्चे लापता होते हैं। उनमें से दो-तिहाई आखिरकार मिल जाते हैं, लेकिन एक-तिहाई का कोई अता-पता नहीं चलता। जुलाई 2006 से जुलाई 2022 तक कम से कम 36,612 बच्चों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई। उनमें से करीब 36 फीसदी यानी 13,353 बच्चे अब तक लापता हैं। लापता बच्चों में से 16 मृत पाए गए या मिलने के बाद उनकी मौत हो गई। जुलाई 2021 और जुलाई 2022 के बीच कम से कम 4,646 बच्चों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई।

इनमें लड़कियों की संख्या 3,431 थी। उनमें 377 बच्चे अब भी लापता हैं, जिनमें 287 लड़कियां शामिल हैं। लेकिन नेपाल में मानव तस्करी का शिकार सिर्फ बच्चे ही नहीं हैं। बल्कि देश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 35,000 लोगों को भी उस वर्ष मानव तस्करों ने अपना शिकार बनाया, जिनमें करीब 15,000 वयस्क महिलाएं थीं। एनएचआरसी के अनुसार सीमा पार के तस्करों ने ज्यादातर गरीब परिवार के बच्चों को निशाना बनाया और उन्हें यौन शोषण के लिए भारत के रेड-लाइट इलाकों में भेजा है। इसके अलावा लापता बच्चों में से कुछ से ईंट भ_ों, होटलों, रेस्तरां और डांस बार में काम कराए जाने की आशंका है। नेपाल के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लापता बच्चों को खोजने में सरकार की दिलचस्पी नहीं है। उन्हें यह भी अंदेशा है कि लापता होने वाले बच्चों की असल संख्या ज्यादा हो सकती है, क्योंकि संभव है कि कुछ मामले दर्ज न हुए हों।

# एयर इंडिया ने शुरू की 'फॉगकेयर' पहल, यात्रियों को मिलेगा बड़ा फायदा



**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया ने नई 'फॉगकेयर' पहल शुरू की, जो सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण उड़ानों में देरी और रद्द होने जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों का ख्याल रखेगी। यह पहल शुरू में दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे से आने और जाने वाली उड़ानों के लिए शुरू की जाएगी।

फॉगकेयर के तहत, एयर इंडिया उड़ान संचालन पर कोहरे के प्रभाव को अलग करने के लिए सक्रिय कदम उठाएगी, जो आमतौर पर सुबह जल्दी और देर शाम को होता है, लेकिन अक्सर पूरे दिन भी पड़ता है। वाहक ग्राहकों तक पहुंचेगा और उन्हें बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपनी प्रभावित उड़ानों को पुनर्निर्धारित या रद्द करने का आसान विकल्प देगा।

प्रभावित उड़ानों के यात्री हवाईअड्डे की यात्रा नहीं करने और लंबी प्रतीक्षा की असुविधा से बचने का निर्णय ले सकते हैं। इससे हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। प्रभावित उड़ानों के यात्रियों को ई-मेल, कॉल और एसएमएस के साथ उड़ान-विशिष्ट सलाह भेजी जाएगी, जिससे उन्हें कोहरे से संबंधित व्यवधानों के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के आसान विकल्प मिलेंगे।

एयर इंडिया के चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर और एयरपोर्ट ऑपरेशंस के ग्लोबल हेड राजेश डोगरा ने पहल पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम अपने ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम संभव अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक केंद्रित उपाय, फोगकेयर पहल को लॉन्च करके प्रसन्न हैं। विश्व स्तरीय एयरलाइन बनने की हमारी यात्रा में यह एक और कदम है और कोहरे से प्रभावित दिनों के दौरान यात्रियों के अनुभव में काफी सुधार होगा।

उन्होंने कहा, हम अपने ग्राहकों को इस बात की पूरी जानकारी देने का प्रयास करेंगे कि क्या उनकी उड़ान कोहरे से प्रभावित हुई है और परिस्थितियों को देखते हुए सर्वोत्तम विकल्प चुनने में उनकी मदद करेंगे। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन कोहरे से संबंधित आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम होने के लिए विमान, पायलट, रखरखाव और केबिन क्रू की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रही है।

पूरी तरह से प्रशिक्षित कॉकपिट क्रू के साथ, जो सीएटी-3 इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) के माध्यम से कम दृश्यता की स्थिति में काम करने की क्षमता से लैस है, एयर इंडिया ने कोहरे के कारण व्यवधान को कम करने के लिए कमर कस ली है।

इसके अतिरिक्त, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एयरइंडिया डॉट कॉम पर बनाए जा रहे एक समर्पित फॉगकेयर वेब पेज के साथ, पहल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक अभियान शुरू किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि यात्री इस पृष्ठ पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें विस्तृत एफएक्यू, उड़ान की स्थिति पर लाइव जानकारी के साथ-साथ पुनर्निर्धारण और रिफंड के लिए समर्थन शामिल है।

# आइसवार्प कर्मचारियों की संख्या दोगुना करेगी, मुंबई में नया कार्यालय खोला



**मुंबई ।** कंपनियों को एकीकृत ई-मेल कोलेबोरेशन एवं मैसेजिंग समाधान के लिए एमएस 365,गूगल वर्कप्लेस का विकल्प उपलब्ध कराने वाली कंपनी आइसवार्प ने अगले वर्ष तक भारत में अपनी टीम दो गुना करने की योजना बनायी है।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस समय भारत में उसकी टीम में 100 सदस्य हैं। बयान में कहा गया है कि कंपनी ने 2023 के अंत तक इस संख्या को दोगुना करने की योजना बनाई है।

आइसवार्प ने मुंबई में नया कार्यालय खोला।

आइसवार्प इंडिया एंड मिडिल ईस्ट के मुख्य अधिशासी ( सीईओ) प्रमोद शारदा ने कहा, यह आइसवार्प में हमारे लिए बेहद खुशी का समय है कि हम भारत में कंपनी के विस्तार के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ गए हैं। हमारी स्थानीय एवं विश्वस्तरीय टीमें भारतीय उप-महाद्वीप में आइसवार्प का संचालन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि कंपनी आने वाले समय में हम अधिक से अधिक कंपनियों को ईमेल-कोलाबोरेशन समाधान उपलब्ध करा सकेंगे। हमें विश्वास है कि मुंबई में हमारा यह नया कार्यालय सभी आकार की कंपनियों को एंटरप्राइज़ ईमेल एवं कोलाबोरेशन समाधान उपलब्ध कराने में सफल होगा।

आइसवार्प 50 देशों में मौजूदगी के साथ आइसवार्प कारोबारों एवं संगठनों को किफ़ायती, उपयोग में आसान, कस्टमाइज़ किए जा सकने वाले कम्युनिकेशन टूल्स उपलब्ध कराता है, जो बिजऩेस कोलाबोरेशन, कामकाज एवं उत्पादकता के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं।

# हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हैं जोश लिटिल

**डबलिन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुबंध हासिल करने वाले आयरलैंड के पहले खिलाड़ी तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने इसे अविश्वसनीय अवसर' करार दिया तथा कहा कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कोच्चि में हुई आईपीएल नीलामी में 23 वर्षीय लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा था। टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा के कोच रहते हुए अपने पदार्पण सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीता था। लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है। मैं इतनी शानदार टीम में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैं कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने गारंटीड फॉर्च्यून प्लान किया लॉन्च



**नई दिल्ली ।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना गारंटीड फॉर्च्यून प्लान को लॉन्च किया है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उसकी यह नई पेशकश एक पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल), जीवन बीमा उत्पाद भी है। यह उत्पाद ग्राहकों के लिये लचीलेपन के साथ प्लान के दो विकल्पों की पेशकश करता है, पहला विकल्प गारंटीड सेविंग्स ऑप्शन लक्ष्यों को हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिये है और पॉलिसी की अवधि पूरी होने तक जीवित रहने पर एकमुश्त राशि देता है। दूसरा विकल्प गारंटीड कैश बैक ऑप्शन ग्राहकों को पॉलिसी के हर पाँच साल के बाद निश्चित कैश बैक के रूप में लिक्विडिटी देता है और इसमें उस राशि को टालने और उसे पॉलिसी परिपक्व होने तक जमा करने या पहले ही निकाल लेने का विकल्प भी है। अवधि समाप्त होने पर कैश बैक के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाता है।

इस प्लान में अनूठा फीचर 'केयर पे बेनेफिट' भी शामिल है, जोकि एक इन-बिल्ट फायदा है और मृत्यु की सूचना पर मृत्यु की तिथि तक भुगतान किये गये सारे प्रीमियम्स (हामीदारी के अतिरिक्त प्रीमियम्स और करों को छोडक़र) का 100 प्रतिशत देता है। यह त्वरित लाभ है, जो सूचना मिलते ही दिया जाता है और बाकी मृत्यु लाभ का भुगतान दावे का मूल्यांकन पूरा होने के बाद किया जाता है।

कंपनी के एमडी एवं सीईओ अनुज माथुर ने कहा, यह पेशकश ऐसे ग्राहकों को फायदा देगी, जो जीवन की किसी भी अवस्था/लक्ष्य के लिये बचत करना चाहते हैं और इसके लिये निश्चित बचत/कैश-बैक और परिवार के लिये आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस प्लान से ग्राहक अपने लक्ष्यों के लिये बचत बढ़ा सकेंगे और वित्तीय लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे, साथ ही उन्हें तेजी से रिटर्न मिलेगा, जोकि आज की स्थिति में काफी महत्वपूर्ण हैं।

# सीबीआई का खुलासा, चंदा कोचर को धोखाधड़ी के कारण मुंबई में मिला फ्लैट




**नई दिल्ली ।** सीबीआई ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपी आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को धोखाधड़ी के जरिए मुंबई में एक फ्लैट और वित्तीय लाभ मिला है। इससे पहले, दिन में मुंबई की एक विशेष अदालत ने इस मामले में चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को सोमवार तक के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया। मामले पर बहस करते हुए सीबीआई के लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपियों ने आईसीआईसीआई बैंक को 1,730 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने अदालत में आरोप लगाया, जब चंदा कोचर ने आईसीआईसीआई बैंक का कार्यभार संभाला, तो वीडियोकॉन की विभिन्न कंपनियों को छह ऋण स्वीकृत किए गए। दो ऋण उन समितियों द्वारा स्वीकृत किए गए, जिनमें चंदा कोचर सदस्य थीं। उन्होंने वीडियोकॉन समूह को ऋण स्वीकृत करने के लिए अन्य समितियों को भी प्रभावित किया। अभियोजन पक्ष ने कहा कि 2009 में वीडियोकॉन समूह ने नूपावर को 64 करोड़ रुपये का ऋण दिया, जो दीपक कोचर की फर्म है।

सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि मुंबई स्थित एक फ्लैट, जहां चंदा कोचर रहती थी, वह दीपक कोचर के पारिवारिक ट्रस्ट को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने कहा है, इस फ्लैट की कीमत 1996 में 5.25 करोड़ रुपये थी और 2016 में फ्लैट को महज 11 लाख रुपये में ट्रांसफर किया गया। सीबीआई के एक अधिकारी के अनुसार, जनवरी 2019 में चंदा कोचर, उनके पति और वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया था।

साल 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से वीडियोकॉन समूह को 3,250 करोड़ रुपये का ऋण मिलने के महीनों बाद धूत ने कथित तौर पर नूपावर में करोड़ों रुपये का निवेश किया।

# अश्विन और अय्यर ने भारत को दिलाई बंगलादेश के विरुद्ध रोमांचक जीत

## 0-8वें विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी




**मीरपुर।** रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने विषम परिस्थितियों में धैर्य और प्रतिबद्धता का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए आठवें विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। भारत ने 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुबह चार विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए जिससे उसका स्कोर सात विकेट पर 74 रन हो गया। अय्यर (46 गेंदो पर नाबाद 29) और अश्विन (66 गेंदों पर नाबाद 42) ने यहीं से जिम्मेदारी संभालकर 105 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की और बांग्लादेश के जबड़े से जीत छीन कर भारत को चौथे दिन लंच से पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (63 रन देकर पांच विकेट) ने पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया लेकिन यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ। भारत ने इस तरह से दो मैचों की श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मैं अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। भारत ने चटगांव में खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रन से जीता था।

रविवार को खेल शुरू होने के तुरंत बाद ही बांग्लादेश के स्पिनर हावी हो गए। भारत ने दिन के दूसरे ओवर में ही जयदेव उनादकट (13) का विकेट गंवा दिया था। उनादकट ने मिराज पर छक्का जड़ा लेकिन शाकिब अल हसन ने उन्हें तुरंत ही पगबाधा आउट कर दिया। उनादकट ने डीआरएस का सहारा लिया लेकिन उन्होंने ऐसा करके एक 'रिव्यू' ही बर्बाद किया। ऋषभ पंत ने जवाबी हमला करने की रणनीति अपनाई ताकि गेंदबाजों पर दबाव बनाए जा सके। पहली पारी में 93 रन बनाने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को मिराज ने जल्द ही पगबाधा आउट कर दिया।

# राम चरण ने रखी क्रिसमस पाटी, अल्लू अर्जुन समेत आए कई स्टार



मेगा पावर स्टार राम चरण ने अपनी पत्नी उपासना कोनिडेला के साथ हैदराबाद में अपने घर पर क्रिसमस पार्टी का आयोजन किया। हर साल की तरह कपल ने पार्टी की मेजबानी की, जिसमें राम चरण के सभी रिश्तेदार शामिल हुए। अल्लू अर्जुन, उनकी पत्नी स्नेहा समेत अन्य स्टार उत्सव में मौजूद रहे।

पार्टी में वरुण तेज, साई धर्म तेज, वैष्णव तेज, निहारिका, सिरीश, सुष्मिता, श्रीजा और अन्य शामिल हुए। इस अवसर पर खींची गई एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें सभी सितारे एक फ्रेम में हैं। प्रतिभागियों ने गेम्स और चिटचैट का आनंद लिया। सीक्रेट सैंटा गेम के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

राम चरण के पिता मेगास्टार चिरंजीवी का परिवार फिल्म उद्योग में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। परिवार में 10 अभिनेता हैं। चिरंजीवी सूची का नेतृत्व करते हैं, जिसमें उनके भाई पवन कल्याण, पावर स्टार के रूप में लोकप्रिय और नागा बाबू शामिल हैं। अल्लू अर्जुन और अल्लू सिरीश जाने-माने निर्माता अल्लू अरविंद के बेटे हैं।

नागा बाबू के बेटे वरुण तेज और बेटी निहारिका अभिनेता हैं। चिरंजीवी की बहन विजया दुर्गा के बेटे साई धर्म तेज और वैष्णव तेज भी टॉलीवुड में मशहूर हैं। चिरंजीवी की बड़ी बेटी सुष्मिता एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं और छोटी श्रीजा एक गृहिणी हैं।

# रणवीर सिंह की सर्कस रिलीज के दिन हुई ऑनलाइन लीक, एचडी प्रिंट में उपलब्ध




अभिनेता रणवीर सिंह की कॉमेडी फिल्म सर्कस आज आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसका निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। फिल्म की रिलीज के साथ ही मेकर्स के लिए एक मुसीबत आ खड़ी हुई है। रोहित की यह फिल्म विभिन्न प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन लीक हो गई है और एचडी प्रिंट में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसका नुकसान मेकर्स को उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिकांश लोग इसे मुफ्त में डाउनलोड करके देख सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सर्कस का फुल एचडी प्रिंट कई पायरेटेड साइटों पर लीक हो गया है। यह फिल्म तमिलरॉकर्स, फिल्मीजिला, मूवीरुल्ज और टेलीग्राम जैसी साइटों पर उपलब्ध है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन उत्तम रहेगा। अनचाहे मेहमानों से शाम को आपका घर भरा रह सकता है। कारोबार और परिवार में सामंजस्य स्थापित होगा। परिश्रम का फल पूर्ण रूप से मिलेगा। न्याय पक्ष मजबूत होगा। धन लाभ होगा।

***वृष :*** आज आपके दिन की शुरुआत नए संकल्पों से होगी। परिजनों के साथ किसी आयोजन में शामिल होंगे। अच्छा व्यवहार आपके व्यक्तित्व को और निखार सकता है। अपने परिवार की भावनाओं को समझकर अपने गुस्से पर काबू रखें।

***मिथुन :*** आज आपके लिए संपत्ति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे। आपकी समझ और अनुभव से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्यों में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। आज प्यार की कमी महसूस हो सकती है।

***कर्क :*** आज दिन की शुरुआत में आपका स्वभाव गरम रहेगा। दिनचर्या को बदलें। अपने करीबी लोगों से आज धोखा न मिले इसलिए सतर्क रहें। व्यय वृद्धि सम्भव है। मांगलिक आयोजनों की तैयारी में लगे रहेंगे। आपके प्रिय की गैरहाजिरी आज आपके दिल को नाजुक बना सकती है।

***सिंह :*** समय अनुकूल रहेगा। आज आप अपने कपड़े रहन-सहन इन सब के अलावा अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें। कई लोग आप से नाराज हैं उनको मनाने का सुअवसर रहेगा। रुका हुआ धन प्रयास करने पर मिलेगा।

***कन्या :*** आज आपके परिजनों का स्वास्थ्य नरम रहेगा। लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यो को आज गति मिलेगी। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग सम्बंधी चिंता सताएगी।

***तुला :*** आज पढ़ाई पर कम ध्यान देने या घर की बजाय दोस्तों के साथ ज्यादा समय बिताने की वजह से बच्चे असंतोष का कारण बन सकते हैं। राजकीय सहयोग से कार्य सिद्धि होगी।

***वृश्चिक :*** आज किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी। दुकान, मकान के विवाद आपसी समझौते से हल होंगे। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विदेशगमन की संभावना भी है।

***धनु :*** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें, अन्यथा मान सम्मान को ठेस लग सकती है।

***मकर :*** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। उदासीन वृत्ति और संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएंगे। दैनिक कार्य विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम अनुसार फल कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ गलतफहमी के कारण विवाद न करें।

***कुंभ :*** आज आप कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश में कामयाब होंगे। आज किसी असहाय की मदद जरूर करें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें, अन्यथा उलझ सकते हैं। आज परिवार को समय देने से आनंद मिलेगा।

***मीन :*** लग्न योग है मांगलिक प्रसंग आयोजित किए जाएंगे। आज आपकी एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। पैसे की लेन-देन या जमानत विचार करके करें।

# टेस्टी अचारी पनीर



**पनीर से आप कई तरह की सब्जी बना सकते हैं। आज आपको पनीर अचारी की टेस्टी रेसिपी बताएंगे, इसे सभी खाना पसंद करेंगे।**

**सामग्री :**

250 ग्राम पनीर, 1 टी स्पून मेथी दाना, 1 टी स्पून लहसुन-अदरक पेस्ट, 1/2 टी स्पून कलौंजी, 4 प्याज , 2-3 हरी मिर्च, दही फेंटा हुआ, 3 टी स्पून आमचूर पाउडर, 2 टी स्पून कश्मीरी मिर्च, 2 टी स्पून चीनी

**विधि :**

- सबसे पहले तेल गरम करें, इसमें मेथी, कलौंजी और जीरा डालकर भूनें।
- अब प्याज और हरी मिर्च डालें, इसमें हल्दी पाउडर, लहसुन और अदरक का पेस्ट डालें।
- दही में आमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, चीनी और नमक डालकर मिला लें।
- अब इसे मसाले में डालकर पकाएं।
- इसमें पनीर डालें, फिर पानी डालकर कुछ देर पकाएं।

# शब्द सामर्थ्य- 292

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 291 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# सू-दोकू- 292

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.291 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |